# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 23.08.2025

**थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा धर्मान्तरण के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार—**

थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर पर एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी की पुत्री को बहला-फुसला कर शादी कर धर्म परिवर्तन कराने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-283/2025 धारा 3/5(1) उ0प्र0विधि विरूद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी को अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पतारसी सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांकः 23.08.2025 को थाना विन्ध्याचल पुलिस टीम थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से नामजद अभियुक्त मुजम्मिल उर्फ शानू पुत्र मो0 याशीन निवासी निहुत महावीर मंदिर के पास थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।



************